एक्सआईएसएस रांची में एलुमिनाई मीट• पुराने दोस्तों से मिल भावुक हुए, कॉलेज लाइफ की मस्ती याद की

पूर्व छात्र स्व. सैबल बरोई के सम्मान में उनके बैचमेट्स हर साल 25 हजार की सालाना छात्रवृत्ति योग्य स्टूडेंट को देंगे

सिटी रिपोर्टर | रांची

एक्सआईएसएस रांची में शनिवार को पूर्ववर्ती छात्रों का जुटान हुआ। इसमें रुरल डेवलपमेंट विभाग के 1995-97 बैच व 1985-87 बैच के पर्सनल मैनेजमेंट एंड इंडस्ट्रियल रिलेशन विभाग की एलुमिनाई मीट हुई। रुरल डेवलपमेंट विभाग की यह सिल्वर जुबली एल्युमिनाई मीट थी, जिसमें वे फिर से कैंपस जीवन का आनंद लेते हुए खूबसूरत यादों को पुनर्जीवित किया। इस बैच में 22 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर, सहायक निदेशक, डॉ. प्रदीप केरकेट्टा ने कहा कि आप संस्थान के सच्चे प्रतिबिंब और प्रेरणा के स्रोत हैं। डीन अकादमिक डॉ. अमर तिग्गा ने कहा कि संस्थान के पूर्व छात्र गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसमें स्व. सैबल बरोई के सम्मान में उनके बैचमेट्स द्वारा 25 हजार रुपए की सालाना छात्रवृत्ति की घोषणा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदिवासी नृत्य 'फील ऑफ झारखंड', स्किट 'सफरनामा', ग्रुप डांस 'जॉइन द स्टेप्स' और ग्रुप डांस 'हिट द बीट' हुए।

पूर्व छात्रों ने 35 वर्ष पुरानी यादें और अनुभव साझा किए

पीएमआईआर के पूर्व छात्रों ने 35 वर्षों के अनुभव को साझा किया। इसमें 18 पूर्व छात्र शामिल हुए। मानव संसाधन प्रबंधन के प्रमुख डॉ. श्यामल गोम्स ने कहा कि पूर्व छात्रों की निष्ठा और मार्गदर्शन सराहनीय है। सीजीएम एचआर-सीएसआर एनटीपीसी उत्तम लाल, सिंफनी एचआर सॉल्यूशंस एलएलपी के मैनेजिंग पार्टनर रजनीश सिंह, मारुति सुजुकी के मुसर्रत हुसैन ने अपने विचार रखे।

PRESS: DAINIK BHASKAR

एक्सआइएसएस में सिल्वर जुबली पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन

जासं, रांची : अपने शानदार अतीत, चमकदार वर्तमान और चमचमाते भविष्य के साथ ग्रामीण विकास विभाग 1995-97 बैच ने जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस) में सिल्वर जुबली पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैंपस जीवन का आनंद लेते हुए पुरानी खूबसूरत यादों को पुनर्जीवित किया गया। यह अवसर वास्तव में कार्यक्रम में उपस्थित एक्सआइएसएस के 22 पूर्व छात्रों के लिए अपने अल्मा मेटर के साथ उनके संबंध और एक दूसरे के साथ फिर से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। कार्यक्रम की शुरुआत पौधों को सींचने से हुई। उसके बाद संस्थान के निदेशक डा. जोसेफ मारियानुस कुजुर एसजे का भाषण उनकी अनुपस्थिति में पढ़ा गया। जिसमें उन्होंने पूर्ववर्ती छात्रों को उनके जीवन में प्राप्त की गईं उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनसे अभी संस्थान में पढ़ रहे छात्रों का मार्गदर्शन करने की अपील की। जिससे छात्र प्लेसमेंट, उनके व्यक्तित्व विकास और कार्पोरेट कनेक्ट को और बेहतर समझ पाएं।

सालाना छात्रवृत्ति की हुई घोषणा :इस आयोजन का मुख्य आकर्षण सैबल बरोई छात्रवृत्ति थी, जो सैबल बरोई के सम्मान में उनके बैचमेट्स द्वारा 25 हजार रुपये की सालाना छात्रवृति की घोषणा थी। जिसके बाद सिल्वर जुबिली बैच का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य फील आफ झारखंड से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू हुई। जिसमें एक स्किट सफरनामा, ग्रुप डांस ज्वाइन द स्टेप्स और एक समूह गीत हिट द बीट शामिल था। कार्यक्रम में संस्थान के सभी कार्यक्रम प्रमुखों के अलावा रूरल मैनेजमेंट के फैकल्टी एवं सभी छात्रों ने भाग लिया।

PRESS: DAINIK JAGRAN

SHUBHANGI SHIFA

Ranchi, Nov 5: The Xavier Institute of Social Service (XISS), Ranchi commemorated the Silver Jubilee reunion of its Rural Development, class of 1995-1997 to enjoy campus life and revive their beautiful memories on Saturday.

A total of 22 alumni attended the event at their alma mater to network themselves and reconnect with each other, especially with the graduates and to encourage mutual support and interaction between the institution and its graduates.

PRESS: LAGATAR

रांची : XISS में सिल्वर जुबली पुनर्मिलन कार्यक्रम, पूर्व छात्रों ने की भरपूर मस्ती

by **Lagatar News** — 05/11/2022

Ranchi : शनिवार को ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में सिल्वर जुबली पुनर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पूर्व छात्रों ने कैंपस जीवन का आनंद उठाया और पुरानी खूबसूरत यादों को पुनर्जीवित किया. एक्सआईएसएस के 22 पूर्व छात्रों के लिए शानदार मौका था. एक-दूसरे के साथ फिर से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था. कार्यक्रम की शुरुआत पौधों को सींचने से हुई.

PRESS: LAGATAR